प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 शनिवार दिनांक 21.09.2024

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

और अब पेश है आज के मुख्य समाचारः–

1– बस्तर क्षेत्र के माओवादी हिंसा से पीड़ित लोगों ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रपति से की मुलाकात–राष्ट्रपति ने वामपंथी उग्रवादियों से हिंसा छोड़ने की अपील की।

2– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने लोहारीडीह घटना की दंडाधिकारी जांच के दिए निर्देश–कबीरधाम जिले के कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को हटाया गया।

3– जगदलपुर में आज से पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केन्द्र शुरू हुआ।

4– आज प्रदेश के विभिन्न जिला और व्यवहार न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया।

.........................................................................

<u>राष्ट्रपति–मुलाकात</u>

छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में माओवादी हिंसा से पीड़ित लोगों ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि किसी भी लक्ष्य को हासिल करने के लिए हिंसा का रास्ता अपनाना उचित नहीं है। हिंसा किसी भी समाज के लिए बहुत महंगी साबित होती है। राष्ट्रपति ने वामपंथी उग्रवादियों से हिंसा छोड़ने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सरकार उनकी समस्याओं को हल करने का हर संभव प्रयास करेगी।

राष्ट्रपति से मुलाकात के दौरान पीड़ितों ने बताया कि कैसे माओवादी हमलों ने उनके जीवन को तबाह कर दिया है। प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति को अवगत कराया कि पिछले चार दशकों से बस्तरवासी माओवादी आतंक का दंश झेल रहे हैं। माओवादी घटनाओं में हजारों लोग अपनी जान गंवा चुके हैं और सैकड़ों लोग निःशक्त हो चुके हैं।

.........................................................................

<u>कवर्धा–कलेक्टर/एसपी</u>

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने लोहारीडीह घटना की मजिस्ट्रियल जांच के निर्देश दिए हैं। अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी निर्भय कुमार साहू को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है और उन्हें तीस दिनों के भीतर जांच कर रिपोर्ट देने को कहा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि इस तरह की किसी भी प्रकार की घटना में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और संबंधितों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

इससे पहले, राज्य सरकार ने लोहारीडीह की घटना के बाद कबीरधाम जिले के कलेक्टर जन्मेजय महोबे और पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अभिषेक पल्लव को हटा दिया है। श्री महोबे की जगह गोपाल वर्मा को कबीरधाम का नया कलेक्टर बनाया गया है। वहीं, डॉक्टर पल्लव के स्थान पर राजेश कुमार अग्रवाल को कबीरधाम के पुलिस अधीक्षक के पद पर पदस्थ किया गया है। श्री मोहबे को नागरिक आपूर्ति निगम में प्रबंध संचालक और डॉक्टर पल्लव को पुलिस मुख्यालय में एआईजी की जिम्मेदारी दी गई है।

वहीं, बलरामपुर–रामानुजगंज जिले के पुलिस अधीक्षक के पद पर बैंकर वैभव रमनलाल को नियुक्त किया गया है। लोहारीडीह घटना के मामले में रेंगाखार थाने के निरीक्षक, सहायक उप निरीक्षक सहित वहां पदस्थ सभी तेईस पुलिसकर्मियों को भी हटा दिया गया है। जबकि कबीरधाम जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आईपीएस विकास कुमार को पहले ही निलंबित किया जा चुका है।

.........................................................................

<u>उपमुख्यमंत्री–कवर्धा आरोपी मुलाकात</u>

उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा ने आज केंद्रीय जेल दुर्ग पहुंचकर वहां कवर्धा मामले में जेल में बंद महिला आरोपियों से मुलाकात कर उनकी बातें सुनीं और मामले की निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया।

जेल का निरीक्षण करने के बाद श्री शर्मा ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि यह गंभीर मामला है और इस मामले में दोषी लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी तथा निर्दोषों को रिहा किया जाएगा।

..........................................................................

कांग्रेस–छत्तीसगढ़ बंद

प्रदेश में कानून–व्यवस्था की स्थिति और कवर्धा में पुलिस हिरासत में एक युवक की मौत के विरोध में आज कांग्रेस द्वारा किए गए छत्तीसगढ़ बंद का आंशिक असर देखने को मिला। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कामर्स ने इस बंद का समर्थन नहीं किया था। इस वजह से ज्यादातर शहरों में अधिकांश दुकानें खुली रहीं।

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज और पार्टी के अन्य नेताओं ने मोटरसाइकिलों पर सवार होकर राजधानी रायपुर में विभिन्न मार्गों का भ्रमण किया और व्यापारियों से बंद का समर्थन करने की अपील की। श्री बैज ने राज्य सरकार पर आरोप लगाया कि प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ती जा रही है और हत्या, अनाचार और डकैती जैसी आपराधिक घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। इन आपराधिक घटनाओं को रोकने में राज्य सरकार विफल रही है।

..........................................................................

केन्द्र सरकार–100 दिन

केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने अपने ऐतिहासिक तीसरे कार्यकाल के सौ दिन पूरे कर लिए हैं। इस दौरान केन्द्र सरकार ने मध्यम वर्ग, किसानों, महिलाओं और युवाओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए पन्द्रह लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं शुरू कीं।

सरकार ने मध्यम वर्ग को राहत पहुंचाने और सशक्तिकरण के लिए कई कदम उठाये हैं। सात लाख तक की आय पर अब कोई टैक्स नहीं देना पड़ता, जिससे करोड़ों करदाताओं को फायदा हो रहा है। मोदी सरकार ने तेईस लाख केंद्रीय कर्मचारियों को यूनिफाइड पेंशन स्कीम के तहत पचास फीसदी पेंशन देने का आश्वासन दिया है। सेवानिवृत्त रक्षा कर्मियों और उनके परिवारों के लिए वन रैंक, वन पेंशन को और लाभकारी बनाया गया है।

प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत दो लाख करोड़ रुपये से अधिक की लागत से एक करोड़ घर बनाए जाएंगे।

.......................................................................

पासपोर्ट सेवा केन्द्र

जगदलपुर में आज से पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केन्द्र शुरू हो गया है। बस्तर लोकसभा क्षेत्र के सांसद महेश कश्यप ने आज जगदलपुर के कलेक्टोरेट परिसर में इस केन्द्र का उद्घाटन किया। इस मौके पर श्री कश्यप ने कहा कि देश की आजादी के अठहत्तर वर्ष बाद पासपोर्ट कार्यालय बस्तर के लोगों के लिए नई सौगात है। अब बस्तर के लोगों की वर्षों पुरानी मांग पूरी हो गई है। उन्हें अब पासपोर्ट बनवाने के लिए राजधानी और अन्य शहरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। उन्होंने नवीन पासपोर्ट कार्यालय के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

.......................................................................

राज्यपाल–दीक्षांत समारोह

राज्यपाल रमेन डेका आज रायपुर के श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। इस मौके पर राज्यपाल ने एक हजार चार सौ चालीस विद्यार्थियों को डिग्री–डिप्लोमा और विभिन्न संकायों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बीस से अधिक विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए। वहीं, लोकगायक पद्मश्री प्रहलाद सिंह तिपानिया और हास्य कवि सुरेन्द्र दुबे को डी.लिट. की मानद उपाधि प्रदान की गई।

समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि नवाचार, अनुसंधान और विकास के माध्यम से हम समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं और गरीबी, बीमारी, बेरोजगारी सहित कई समस्याओं का समाधान कर सकते हैं। राज्यपाल ने विद्यार्थियों से कहा कि वे समय का सदुपयोग करें और अपने सपने को साकार करने के लिए कड़ी मेहनत करें।

.......................................................................

राज्यपाल–दीक्षांत समारोह

राज्यपाल रमेन डेका आज रायपुर के श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। इस मौके पर राज्यपाल ने एक हजार चार सौ चालीस विद्यार्थियों को डिग्री–डिप्लोमा और विभिन्न संकायों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बीस से अधिक विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए। वहीं, लोकगायक पद्मश्री प्रहलाद सिंह तिपानिया और हास्य कवि सुरेन्द्र दुबे को डी.लिट. की मानद उपाधि प्रदान की गई।

समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि नवाचार, अनुसंधान और विकास के माध्यम से हम समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं और गरीबी, बीमारी, बेरोजगारी सहित कई समस्याओं का समाधान कर सकते हैं। राज्यपाल ने विद्यार्थियों से कहा कि वे समय का सदुपयोग करें और अपने सपने को साकार करने के लिए कड़ी मेहनत करें।

..........................................................................

मल्टीमीडिया चित्र प्रदर्शनी

केन्द्रीय संचार ब्यूरो द्वारा आज से भिलाई में राष्ट्रीय पोषण माह पर तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। आज इस मल्टीमीडिया चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ दुर्ग सांसद विजय बघेल और विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा ने किया। भिलाई चरौदा के मंगलभवन में आयोजित इस प्रदर्शन के तहत तीन दिनों के दौरान चित्रकला, परिचर्चा, प्रश्नमंच, रैली, निबंध प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को पोषण के बारे में जागरूक किया जाएगा।

..........................................................................

शैक्षणिक संस्थान–अवकाश

राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग ने चालू शिक्षा सत्र के लिए प्रदेश के शैक्षणिक संस्थानों में कुल चौसठ दिनों का अवकाश घोषित किया है। दशहरा के अवसर पर सात से बारह अक्टूबर तक कुल छह दिन का अवकाश रहेगा। इसी प्रकार दीपावली त्यौहार पर अट्ठाइस अक्टूबर से दो नवंबर तक कुल छह दिन का अवकाश दिया जाएगा। वहीं, शीतकालीन अवकाश तेईस से अट्ठाईस दिसंबर तक घोषित किया गया है। जबकि, ग्रीष्मकालीन अवकाश एक मई से पन्द्रह जून दो हजार पच्चीस तक कुल छियालीस दिन का रहेगा।

..........................................................................

राष्ट्रीय लोक अदालत

आपसी सुलह के जरिए मामलों का निपटारा करने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा आज देशव्यापी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर द्वारा प्रदेश के सभी जिला और व्यवहार न्यायालयों में भी लोक अदालत आयोजित की गई। इस लोक अदालत में पारिवारिक मामलों के साथ ही राजस्व, लेन–देन, चेक बाउंस, बिजली बिल, जल कर, सफाई कर और अन्य प्रकरणों का राजीनामा के जरिए निराकरण किया गया।

..........................................................................

एसआई भर्ती–प्रदर्शन

पुलिस विभाग में उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा के परिणाम और नियुक्ति की मांग को लेकर अभ्यर्थियों ने कल राजधानी रायपुर में गृहमंत्री विजय शर्मा के निवास के सामने प्रदर्शन किया। देर रात गृहमंत्री ने प्रदर्शनकारी अभ्यर्थियों और उनके परिजनों से बात की। गृहमंत्री ने अभ्यर्थियों से कहा कि पिछली सरकार की गलत नीतियों की वजह से एसआई भर्ती के परीक्षा परिणाम आने में देरी हुई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भर्ती प्रक्रिया जल्द से जल्द पूरी करने का प्रयास कर रही है।

..........................................................................

संयुक्त सचिव–दौरा

केन्द्रीय खेल और युवा कल्याण मंत्रालय के संयुक्त सचिव तथा आकांक्षी जिला प्रभारी अधिकारी डॉक्टर शोभित जैन ने कल बस्तर जिले के आकांक्षी विकासखंड तोकापाल में स्कूल, आंगनबाड़ी और स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षा–पोषण और स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। उन्होंने आकांक्षी विकासखण्ड में विभिन्न नवाचार गतिविधियों का निरीक्षण कर नवाचार प्रयासों की सराहना की। डॉ. जैन ने मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र कलेपाल में सुपोषण माह के तहत चल रहे पालक सत्र, गोद भराई और अन्नप्राशन कार्यक्रम का अवलोकन किया।

..........................................................................

हल्बी / गोण्डी–समाचार बुलेटिन

श्रोताओं, कल रविवार को ''हल्बी'' और ''गोण्डी'' बोली में समाचार बुलेटिन प्रसारित किए जाएंगे। ये दोनों बुलेटिन आकाशवाणी केन्द्र, जगदलपुर से प्रसारित किए जाएंगे। इन्हें बस्तर संभाग में सुना जा सकेगा। हल्बी में समाचार बुलेटिन सुबह साढ़े सात बजे से और गोण्डी में समाचार बुलेटिन शाम साढ़े छह बजे से प्रसारित किया जाएगा।

..........................................................................

जिले की चिट्ठी

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी रायपुर द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम "जिले की चिट्ठी" का प्रसारण कल शाम छह बजकर पांच मिनट से छह बजकर दस मिनट तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे। इस बार के अंक में ''गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही'' जिले की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

..........................................................................

मौसम

और अब पेश है मौसम का हाल..

प्रदेश में अड़तालीस घंटों के दौरान कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। वहीं, एक–दो स्थानों पर गरज–चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने की भी चेतावनी दी गई है। मौसम विभाग के मुताबिक तेईस सितंबर से वर्षा की गतिविधि में वृद्धि हो सकती है। इस दौरान दक्षिण छत्तीसगढ़ में इसका असर रहेगा।

..........................................................................

संक्षिप्त समाचार

और अब कुछ खबरें संक्षेप में–

– राज्य सरकार ने राज्य प्रशासनिक सेवा के दो हजार बाईस बैच के तेरह अधिकारियों के स्थानांतरण का आदेश जारी किया है।

– राष्ट्रीय पुलिस अकादमी हैदराबाद में आयोजित पासिंग आउट परेड में दुर्ग रेंज के पुलिस महानिरीक्षक राम गोपाल गर्ग को केंद्रीय गृह राज्यमंत्री ने प्रधानमंत्री सिल्वर कप ट्रॉफी से सम्मानित किया। श्री गर्ग ने केस स्टडी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>